दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549

: 09792987700

e-mail : digvijayans@gmail.com

: dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 26.07.2019

प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 26.10.2019 को दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ.श्रीभगवान सिंह निवर्तमान एसोसिएट प्रोफेसर रक्षा अध्ययन ने कहा कि मई 1999 से जूलाई 1999 तक चलने वाले दुनिया के सबसे उचे रणक्षेत्र में लड़े गये इस युद्ध में भारतीय सेना ने 13000 से 18000 फीट तक की उचाई पर स्थित मसको, तोलोलिंग, काक्सर, द्रास, बटालिक, टाईगर हिल आदि पहाड़ियों पर पाकिस्तानियों द्वारा बनाये गये बंकरो को ध्वस्त किया और भारतीय वायुसेना लगभग 3200 फीट उंचाई पर न केवल उनके बंकरो को बम वर्षा से नष्ट किया बल्कि 500 से अधिक सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। इस युद्ध के पीछे तत्कालीन पाकिस्तानी जनरल परवेज मुर्शरफ का उद्देश्य श्रीनगर लेह राजमार्ग को काटना तथा सियाचिन को इससे अलग कर देना था इस युद्ध का समापन 24 जूलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों को मार दिये जाने या खाली करा देने से हुआ। पाकिस्तानियों ने अपने 200 से अधिक सैनिकों की लाशों को लेने से इन्कार कर दिया जिससे भारतीय सेना ने सम्मान पूर्वक दफन करके अपने राष्ट्रीय संस्कारों का परिचय दिया। इसके विपरित कैप्टन कालिया के साथ पाकिस्तानियों द्वारा किये गये अमानुषिक आचरण को भारत भूल नही सकता।

आज इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैप्टन विक्रम बत्रा मनोज कुमार पाण्डेय अजय आहूजा, अनुज नायर, मेजर राजेश सिंह, जैसे बहादुर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये तथा सर्वोच्च वीरपदक से सम्मानित किये गये सैनिक योगेन्द्र सिंह यादव तथा संजय कुमार को सम्मान अर्पित किया गया। अपने उद्बोधन के अन्त में डॉ. सिंह ने छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन की हर चुनौती को कारगिल का मोर्चा समझकर विजय हासिल करने का प्रयास करें। तभी एक श्रेष्ठ राजभक्त नागरिक बन पायेंगे। कारगिल युद्ध में मातृभूमि के प्रति जिस समर्पण और अदम्य साहस का परिचय देश के सैनिकों ने दिया आज पूरा देश उन सबको नतमस्तक करता है।

कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन तथा संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. आर.पी.यादव ने किया अतिथि का स्वागत डॉ. रामकुमार यादव एवं डॉ.इन्द्रजीत कुमार ने किया तथा आभार ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। उक्त समारोह में महाविद्यालय परिवार से डॉ.सत्यपाल सिंह, डॉ. रवीन्द्र गंगवार, डॉ. अनिल भाष्कर, डॉ.नीरज सिंह, डॉ.नीरज सिंह, डॉ.संजीव सिंह, डॉ.अमरनाथ तिवारी, डॉ. चण्डी प्रसाद पाण्डेय, श्री दीपक साहनी और कार्यालय प्रभारी श्री विजय प्रताप नारायण पाठक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्रा उपस्थित रहे।

डॉ.(मुरली मनोहर तिवारी)
प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 26.07.2019

प्रकाशनार्थ
प्रवेश सम्बन्धी सूचना

बी.सी.ए. प्रथम वर्ष, एम.एससी. प्रथम वर्ष (रसायनशास्त्र एवं गणित), एम.ए.प्रथम वर्ष (प्राचीन इतिहास, रक्षाअध्ययन, समाजशास्त्र, हिन्दी, भूगोल, राजनीतिशास्त्र) का प्रवेश सीट रिक्त रहने तक जारी रहेगा।

बी.ए., बी.एससी.बी.काम. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के सभी विषयों के प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक 02.08.2019 तक।

दिनांक 27.07.2019 को अपराह्न 2.00 बजे से बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर (कला संकाय) पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित होगा।

डॉ.(मुरली मनोहर तिवारी)
प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क